उत्तरपूर्वी परिषद की 73वीं पूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा

पूर्वोत्तर में 12 से अधिक समझौतों से आई शांति

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 जून।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने 12 से अधिक शांति समझौते कर उत्तर पूर्व राज्यों में विवादों का समाधान किया गया। इन निर्णयों से 10800 से अधिक युवाओं को हथियार डालने के बाद मुख्यधारा में लाया जा सका है। शाह गुरुवार को उत्तरपूर्वी परिषद (एनइसी) की 73वीं पूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रह थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इन राज्यों में विकसित रेल, सड़क और हवाई सेवाओं से दिल्ली तक जोड़कर इन राज्यों की दूरी को कम करने की कोशिश की।

शाह ने कहा कि एकल खिड़की योजना सिर्फ कागज पर न रह जाए बल्कि इसके लिए हर राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल को इसकी मासिक समीक्षा करनी चाहिए। गुवाहाटी, इंफल और अगरतला को मल्टीमाडल हब के रूप में आगे बढ़ाने का काम समयसीमा के अंदर पूरा करना चाहिए।



शाह ने कहा कि उत्तर पूर्व को हमने भगवान के भरोसे नहीं छोड़ा है, सिर्फ बजट से विकास नहीं होता। उसके साथ कार्य योजना की भी निगरानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 साल में यह सब बहुत अच्छे तरीके से हुआ है।

उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्व के सभी राज्यों को मछली, अंडा और दूध के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए और अधिक सामग्री होने पर देश के बाकी हिस्सों में इसे भेजना चाहिए।

शाह ने कहा कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), सहकारिता मंत्रालय के साथ मिलकर यहां नए सिरे से शुरुआत कर रही है। केंद्र का लक्ष्य है कि अगले वित्तीय वर्ष से हर साल दूध देने वाले 50,000 से ज्यादा पशु एनडीडीबी के माध्यम से उत्तर पूर्व के सभी राज्यों में भेजेंगे और इनके दूध के लिए एक अच्छी सहकारी व्यवस्था बनाएंगे।

शाह ने कहा कि उत्तर पूर्व को हमने भगवान के भरोसे नहीं छोड़ा है, सिर्फ बजट से विकास नहीं होता। उसके साथ कार्य योजना की भी निगरानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 साल में यह सब बहुत अच्छे तरीके से हुआ है। शांति और स्थिरता की स्थापना, समृद्धि और विकास की शुरुआत और सांस्कृतिक पहचान को संजोकर रखने की चुनौतियों को पार कर आज पूरा उत्तर पूर्व आगे बढ़ा है।

शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस भूभाग के लिए पूरे मन और संवेदनशीलता के साथ काम किया। पहले उत्तर पूर्व को विवादों के कारण जाना जाता था और आज इस क्षेत्र को सहअस्तित्व के कारण पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि नार्थईस्ट के 200 से ज्यादा जनजातीय समूहों, 195 से ज्यादा बोलियों, अनेक संस्कृतियों, खानपान और वेशभूषा की विविधता को संजो कर रखें और इसे और ताकत दें। उन्होंने कहा कि हम अपनी इस साझा संस्कृति का पुनर्निर्माण कर प्रधानमंत्री की अष्टलक्ष्मी की कल्पना को जमीन पर उतारें।

उन्होंने कहा कि पीएम डिवाइन योजना के तहत असम और त्रिपुरा में 65 करोड़ रुपए की योजना मंजूर की गई है और हमें इसे माडल बनाकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि जीआइ टैग के लिए हमारी लगभग 215 फसल स्पर्धा में हैं। हर राज्य में एक टास्क फोर्स होनी चाहिए जो टैग को प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया को लगातार निगरानी करे। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मेघालय के राज्यपाल सी एच विजय शंकर, मुख्यमंत्री कानराड संगमा समेत अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

द्रमुक को लोकसभा में कांग्रेस से अलग बैठने की मंजूरी मिली

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 जून।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को बुधवार को लोकसभा में अपनी पूर्व सहयोगी कांग्रेस से अलग बैठने की मंजूरी मिल गई। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। दोनों दलों में हाल में तब दूरी बढ़ गई थी जब द्रमुक की सहयोगी रही कांग्रेस तमिलनाडु में टीवीके नीत सरकार का हिस्सा बन गई।

पिछले महीने, द्रमुक ने लोकसभा में अपने सांसदों के बैठने की व्यवस्था में बदलाव की मांग की थी। इसने कहा था कि कांग्रेस के साथ उसका गठबंधन समाप्त हो गया है और उसके सदस्यों का कांग्रेस के सदस्यों के साथ बैठना उचित नहीं होगा।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि द्रमुक को लोकसभा सचिवालय द्वारा लोकसभा में अलग बैठने की मंजूरी दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, द्रमुक के सांसदों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था पर काम किया जा रहा है। द्रमुक नेता कनिमोई करुणानिधि ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा था कि बदले राजनीतिक हालात के मद्देनजर उनकी पार्टी के सांसदों के लिए कांग्रेस सांसदों से अलग बैठने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके साथ ही द्रमुक के 8 जून को यहां होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने की भी संभावना नहीं है।

पिछले महीने द्रमुक ने लोकसभा में अपने सांसदों के बैठने की व्यवस्था में बदलाव की मांग की थी।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में केवल पांच सीट जीतने वाली कांग्रेस ने सरकार गठन में टीवीके को समर्थन देने का फैसला किया, जिससे उसका पुरानी सहयोगी द्रमुक के साथ गठबंधन समाप्त हो गया। अब कांग्रेस टीवीके सरकार का हिस्सा है। कांग्रेस ने द्रमुक के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन के तहत विधानसभा चुनाव लड़ा था। कांग्रेस के इस कदम को द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं ने पीठ में छुरा घोंपने वाला और विश्वासघात करार दिया।

खुद को पीएमओ का अवर सचिव बताने वाले शख्स के खिलाफ मामला दर्ज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 जून।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अवर सचिव का फर्जी रूप धारण करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी की पहचान पी इलांगोवन के रूप में हुई है। पीएमओ से मिली एक शिकायत के बाद उसके खिलाफ यह जांच शुरू की गई थी।

पीएमओ की शिकायत में कहा गया है, 'पीएमओ के सहायक निदेशक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रथम दृष्टया यह प्रधानमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी का फर्जी रूप धारण करने का मामला प्रतीत होता है, क्योंकि आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार, थिरु पी इलांगोवन नाम के किसी भी व्यक्ति ने आज तक पीएमओ में काम नहीं किया है।

इस शिकायत के आधार पर सीबीआइ ने आठ जनवरी को एक प्रारंभिक जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि इलांगोवन ने साल 2023 में 'हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती' (एचआर-सीई) विभाग के संयुक्त आयुक्त वी कुमारेशन को फोन किया था और खुद को झूठा ही पीएमओ का अधिकारी बताया था। उसने तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में स्थित अन्नामलाई मंदिर में अपने रिश्तेदारों के लिए वीआइपी दर्शन की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था, जिसे कुमारेशन ने सद्भावना के तहत स्वीकार कर लिया था। इसके बाद भी वह लगातार ऐसे अनुरोध करता रहा और कुमारेशन उसे पीएमओ का अधिकारी समझकर मंजूरी देते रहे।

यह पूरा मामला पीएमओ को मिले एक शादी के निमंत्रण पत्र से उजागर हुआ, जिसमें इलांगोवन को प्रधानमंत्री कार्यालय में अवर सचिव के रूप में कार्यरत दर्शाया गया था। इस शिकायत के आधार पर सीबीआइ ने आठ जनवरी को एक प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

सीबीआइ की प्राथमिकी के अनुसार, 'जांच के दौरान पाया गया कि पी इलांगोवन ने वी कुमारेशन को अपने बेटे की शादी (जो नौ अप्रैल 2025 को तय थी) का एक ऐसा निमंत्रण पत्र भेजने के लिए राजी किया, जिसमें पी इलांगोवन को कुमारेशन के परिवार के सदस्य के रूप में दिखाया गया था। उसने ऐसा इसलिए किया ताकि वह अपने कथित कार्यालय (पीएमओ) से छुट्टी ले सके।' इसके बाद कुमारेशन द्वारा यह निमंत्रण पत्र पीएमओ भेजा गया, जिससे इलांगोवन के इस धोखे का भंडाफोड़ हो गया और सीबीआइ ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की।

'दोबारा नीट देने की हिम्मत नहीं, मुझे माफ करना'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 जून।

'मुझमें अब दोबारा नीट परीक्षा देने की हिम्मत नहीं बची है, मुझे माफ करना।' यह बात मध्य प्रदेश की 18 वर्ष की आकांक्षा चतुर्वेदी ने आत्महत्या करने से पहले माता-पिता को लिखे एक नोट में लिखी थी। आकांक्षा नागपुर में एक कोचिंग सेंटर में मेडिकल प्रवेश के लिए नीट की तैयारी कर रही थी।

नागपुर में नीट की तैयारी कर रही मध्य प्रदेश की छात्रा ने कर ली आत्महत्या
आत्महत्या से पहले माता-पिता को लिखा था नोट, दो हफ्ते बाद उसके कमरे से मिला यह नोट।

पेपर लीक मामला सामने आने के बाद मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के रद होने से निराश आकांक्षा ने 20 मई को आत्महत्या कर ली थी। तीन मई को कुल 22 लाख छात्रों ने नीट-यूजी में भाग लिया था। पेपर लीक होने की वजह से बाद में परीक्षा रद्द कर दी गई, और अब 21 जून को दोबारा परीक्षा होगी। दो हफ्ते से ज्यादा समय बाद, जब उसके दुखी रिश्तेदार उसके कमरे में उसका सामान खंगाल रहे थे, तो उन्हें एक हाथ से लिखा हुआ नोट मिला, जो उन्हें जिंदगी भर सताता रहेगा। आकांक्षा ने नोट में लिखा, 'मम्मी और पापा, आपको भरोसा था कि आपकी बेटी खूब पढ़ाई करेगी और डाक्टर बनेगी, लेकिन मुझमें अब दोबारा नीट देने की हिम्मत नहीं बची है। मैं अपने पहले प्रयास में अच्छे नंबर ला सकती थी, लेकिन अब इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मैं दोबारा अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगी। मुझे माफ करना, मम्मी और पापा। मैंने सब कुछ बर्बाद कर दिया है।

आकांक्षा के पिता, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि परीक्षा रद्द होने के बाद उसके व्यवहार में अचानक बहुत बड़ा बदलाव आ गया था।

उन्होंने कहा, 'परीक्षा देने के बाद उसने मुझे फोन किया था। वह अपने प्रदर्शन से बहुत खुश थी, लेकिन जैसे ही पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की खबर आई, वह पूरी तरह टूट गई। उसे लगा कि उसकी सारी मेहनत बेकार चली गई।' चतुर्वेदी, लगभग दो दशकों से नागपुर में रसोइए का काम कर रहे हैं और वहीं अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने आकांक्षा की पढ़ाई पर बहुत ज्यादा खर्च किया था। दुखी पिता ने कहा, 'मेरी बेटी बहुत होशियार छात्रा थी।'

छत्तीसगढ़-हैदराबाद में इबोला के चार संदिग्ध मरीज मिले, पृथकवास केंद्र भेजे गए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 जून।

छत्तीसगढ़ और हैदराबाद में गुरुवार को इबोला के चार संदिग्ध मरीज मिले। इन मरीजों ने इबोला प्रभावित देशों का दौरा किया है। संदिग्ध लक्षण दिखाई देने के बाद इन सभी को आगे की जांच के लिए पृथकवास केंद्र में भेज दिया गया है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि देश में अभी इबोला का कोई मरीज नहीं है। इबोला प्रभावित देशों से यात्रा कर लौट रहे लोगों को ऐतिहातन पृथकवास में रखकर जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे एक सूडानी नागरिक को इबोला जैसे संदिग्ध लक्षण दिखाई देने के बाद आगे की जांच के लिए पृथकवास केंद्र में भेजा गया है। यात्री हाल ही में दक्षिण सूडान और युगांडा की यात्रा कर लौटा था। मरीज को हैदराबाद स्थित सरकारी गांधी अस्पताल में निगरानी में रखकर आगे की जांच की जा रही है।

वहीं अफ्रीका के इबोला प्रभावित देशों से हाल में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले लौटे तीन लोगों को एहतियात के तौर पर 21 दिन के लिए घर पर ही पृथकवास में रखा गया है। तीनों यात्रियों में बीमारी का कोई लक्षण नहीं पाया गया है और न ही उनके इबोला संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आने का कोई इतिहास है। दुर्ग के जिलाधिकारी अभिजीत सिंह का कहना है कि एक महिला 31 मई को कांगो से दुर्ग पहुंची थी, जबकि दो अन्य व्यक्ति दो जून को इथियोपिया और युगांडा से भिलाई लौटे थे। इन तीन यात्रियों में दो भारतीय नागरिक हैं, जबकि एक युगांडा का नागरिक है। यह सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं।

बंगाल : सौकत मोल्ला के घर पर एनआइए की छापेमारी

कोलकाता, 4 जून (भाषा)।

केंद्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने हाल में संपन्न हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भांगड़ में हुए बम विस्फोट की घटना की जांच के तहत गुरुवार को दक्षिण 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सौकत मोल्ला के आवास पर छापा मारा।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों के साथ एनआइए की टीम सुबह भांगड़ इलाके के मौखाली में मोल्ला के आवास पर पहुंची और व्यापक तलाशी ली। सूत्रों के अनुसार करीब 10 वाहनों में पहुंची एनआइए की टीम ने बामुनिया गांव के कई घरों का भी दौरा किया, जहां विस्फोट हुआ था। एक अधिकारी के अनुसार जब जांच दल पहुंचा, तब मोल्ला घर पर मौजूद नहीं थे। उनके बेटे इमरान मोल्ला को जांचकर्ता परिसर में लाए और तलाशी के दौरान वह एनआइए टीम के साथ रहे। यह तलाशी भांगड़ के बामुनिया गांव में हुए बम विस्फोट की जांच से जुड़ी है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हुए थे। इस घटना के बाद इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) ने मामले में एनआइए जांच की मांग की थी। दक्षिण 24 परगना के दक्षिण बामुनिया गांव में 19 मार्च को एक देसी बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक जारी रहेगा धरना : सीजेपी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 4 जून।

नीट पेपर लीक के अलावा सीबीएसई सहित दूसरी परीक्षाओं में आई समस्याओं को लेकर काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा है।

साथ ही दावा किया है कि छह जून से जंतर-मंतर पर शुरू होने वाला धरना शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद ही खत्म होगा। गुरुवार को नई दिल्ली में प्रेसवार्ता के दौरान सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा कि पार्टी के प्रमुख अभिजीत दिपके छह जून को दिल्ली आ रहे हैं।

वह उसी दिन थाने में पहुंचेंगे और जंतर-मंतर पर धरने के लिए अनुमति मांगेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार लीक हो रही परीक्षा से देशभर में लाखों छात्र परेशान हैं। कुछ छात्रों ने आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लिए हैं। यह चिंता का विषय है, लेकिन सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं।

Indiabulls

इंडियाबुल्स लिमिटेड

(पहले यारी डिजिटल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड)

(CIN: L64200HR2007PLC077999)

पंजीकृत कार्यालय : पाँचवी मंजिल, प्लॉट क्र. 108, आईटी पार्क, उद्योग विहार, फेज 1, गुरुग्राम - 122016, हरियाणा, **वेबसाईट :** www.indiabulls.com

ई-मेल : support@indiabulls.com, **दूरभाष / फैक्स :** 0124-6685800

सार्वजनिक सूचना

भौतिक सिक्योरिटीज के ट्रांसफर और डीमटेरियलाइजेशन हेतु विशेष विंडो का खुलना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के परिपत्र संख्या **SEBI/HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026** के अनुसार, "निवेश करने में सुविधा –भौतिक सिक्योरिटीजके ट्रांसफर और डीमटेरियलाइजेशन हेतु विशेष विंडो" के संबंध में, **इंडियाबुल्स लिमिटेड** *(पहले यारी डिजिटल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड)* के उन शेयरधारकों को सूचित किया जाता है की जिन्होंने **1 अप्रैल, 2019** की अंतिम तिथि से पूर्व भौतिक सिक्योरिटीज बेची/खरीदी थीं परंतु दस्तावेज़ों में कमी के कारण उनका अनुरोध अस्वीकार/वापस कर दिया गया था उन्हें यह बताया जाता है कि:

- यह विंडो अब केवल ट्रांसफर डीड्स की पुन: प्रस्तुतिकरण के लिए एक साल की अवधि के लिए खुली है, जो **05 फरवरी, 2026** से **04 फरवरी, 2027** तक लागू रहेगी।
- सफल सत्यापन के पश्चात केवल **डीमैट (Dematerialized)** रूप में ही शेयर जारी किए जाएंगे।

पात्र शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी के निम्नलिखित पंजीकृत रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA) से संपर्क करें:

केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
मेलेनियम, टावर बी, प्लॉट 31 और 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना - 500 032
ई-मेल: einward.ris@kfintech.com फोन: +91 40 6716 2222 और 18003094001

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए निर्धारित समयावधि के भीतर शीघ्र कार्यवाही करें।

इंडियाबुल्स लिमिटेड
(पहले यारी डिजिटल इंटीग्रेटेड सर्विसेज लिमिटेड के लिए)
हस्ताक्षरित
राम मेहर
कंपनी सचिव

दिनांक : **04.06.2026**
स्थान : गुरुग्राम

SAMMAAN CAPITAL

Sammaan Capital Limited
(formerly known as Indiabulls Housing Finance Limited)
Corporate Identification Number (CIN): L65922DL2005PLC136029
Registered Office: A-34, 2nd & 3rd Floor, Lajpat Nagar-II, New Delhi – 110 024, India
Tel.: +91 1148147506 Fax: +91 1148147501
Email: homeloans@sammaancapital.com; Website: www.sammaancapital.com

SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUESTS AND DEMATERIALIZATION OF PHYSICAL SHARES OF THE COMPANY

In compliance with SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026, notice is hereby given to all the shareholders that a Special Window is opened for a period of one year, commenced from February 05, 2026 and concluding on February 04, 2027, to enable re-lodgement of transfer requests pertaining to physical shares.

This facility of a special window is for transfer and dematerialization ("Demat") of physical securities which were sold/purchased prior to April 01, 2019.

This facility is also specifically applicable to transfer deeds executed before April 01, 2019, which were either rejected, returned, or remained unattended due to deficiencies in documentation, process, or on any other grounds.

Kindly refer to the matrix below regarding the applicability of lodgement:

Execution date of transfer deed	Lodged for transfer before April 01, 2019?	Original Security certificate available?	Eligible to lodge in the current window?
Before April 01, 2019	No (it is fresh lodgement)	Yes	√
Before April 01, 2019	Yes (it was rejected/returned earlier)	Yes	√
Before April 01, 2019	Yes	No	X
Before April 01, 2019	No	No	X

Kindly note that the request(s) which are accompanied by original certificate(s) alongwith transfer deeds and relevant supporting documents as mentioned in the above-mentioned Circular, will only be considered under this special window. The securities so transferred shall be mandatorily credited to the transferee only in demat mode and shall be under lock-in for a period of one year from the date of registration of transfer. Such securities shall not be transferred /lien marked/pledged during the said lock-in-period.

Eligible shareholders who wish to avail this opportunity may submit the transfer request, along with requisite documents to the Company's Registrar and Share Transfer Agent, i.e., KFIN Technologies Limited, as per the following details:

Name & postal Address	KFIN Technologies Limited **Unit : Sammaan Capital Limited** Address: Selenium Tower B, Plot No – 31 & 32 Financial District, Nanakramguda Serilingampally, Hyderabad, Rangareddi - 500 032, Telangana, India
Helpline No.	1800-309-4001
For any Query	Raise request at: https://ris.kfintech.com/clientservices/isc Send an email at: einward.ris@kfintech.com

This publication is being issued in adherence to the aforementioned SEBI Circular and shareholders are requested to take note of the same and act within the stipulated period of time.

For and on behalf of Sammaan Capital Limited
(formerly Indiabulls Housing Finance Limited)
Sd/-
Amit Jain
Company Secretary and Compliance Officer

Place: New Delhi
Date : June 04, 2026

pnb पंजाब नैशनल बैंक भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, नोएडा, एसएच-12,
प्रथम तल, गामा शॉपिंग सेन्टर-गामा-I, ग्रेटर नोएडा-201308, जिला गौतम बुद्ध नगर,
ई-मेल : cs8290@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस, आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गारंटर्स खाते का नाम एवं पता	A) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि B) बकाया राशि C) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि D) कब्जा की स्थिति सांकेतिक / भौतिक/रचनात्मक	अचल सम्पत्तियों का विवरण — बंधक/स्वामी के नाम (सम्पत्तियों के बंधककर्ता)	A) आरक्षित मूल्य B) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) C) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय	प्रतिभूति लेनदार के संज्ञान में ऋण भारों का विवरण और प्राधिकृत अधिकारी का नाम
1.	A) रोजा याकूबपुर, ग्रेटर नोएडा B) श्री कृष्ण दत्त शर्मा, पुत्र श्री एम.डी. शर्मा तथा श्रीमती रेनू शर्मा, पत्नी श्री कृष्ण दत्त शर्मा 454400NC00000963 C) उधारकर्ता : श्री कृष्ण दत्त शर्मा, पुत्र श्री एम.डी. शर्मा **पता :** फ्लैट संख्या 315, जी.एच.-8, कौटिल्य अपार्टमेंट, सेक्टर-6, वसुंधरा, गाजियाबाद – 201010। **इसके अतिरिक्त :** सी/ओ मैसर्स जाह्नवी माडी कलेक्शन, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट संख्या C-15, मिलो कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-15, वसुंधरा, गाजियाबाद – 201010। **इसके अलावा:** फ्लैट संख्या 3, द्वितीय तल, प्लॉट संख्या C-15, मिलो कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-15, वसुंधरा, गाजियाबाद – 201010। **गारंटर : श्रीमती मिथलेश शर्मा, पत्नी श्री महेंद्र दत्त शर्मा,** पता : फ्लैट संख्या 315, जी.एच.-8, कौटिल्य अपार्टमेंट, सेक्टर-6, वसुंधरा, गाजियाबाद – 201010।	A) 11.02.2019 B) रु. 37,20,914.06 दिनांक 11/02/2019 तक + पूर्ण भुगतान होने तक अनुबंधित दर पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्क (C) 27.05.2019 (D) (सांकेतिक)	आवासीय फ्लैट संख्या– 3 का वह समस्त भाग एवं खंड, द्वितिय तल, मिलो कॉम्प्लेक्स, प्लॉट सी–15, सेक्टर–15, वसुंधरा, गाजियाबाद, 201010 ,जो श्री कृष्ण दत्त शर्मा पुत्र श्री एम.डी. शर्मा के नाम पर है, जिसका क्षेत्रफल 81.23 वर्ग मीटर है।	A) रु 37,60,000.00 B) रु 3,76,000.00 C) रु 10,000.00	**23.06.2026** सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक	ज्ञात नहीं श्री संतोष कुमार झा मोबाइल: 9650960134 प्राधिकृत अधिकारी एआरएमबी नोएडा

नियम एवं शर्तें : बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। (1) **सम्पत्तियां को "जो है जहाँ है", "जैसी है जो कुछ भी है" एवं "दायित्व रहित आधार पर" बेचा जा रहा है।** (2) ऊपर वर्णित अनुसूची में विनिर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण, प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार दर्शाई गई है, किंतु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। (3) नीलामी ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऊपर वर्णित दिनांकों को आयोजित की जाएगी। (4) अधिक विवरण तथा सम्पूर्ण नियमों व शर्तों के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स : **https://baanknet.com & www.pnbindia.in** देखें। (5) सभी सांविधिक बकाया/अटेंडेंट शुल्क/पंजीकरण शुल्क, स्टांप शुल्क, कर इत्यादि अन्य बकाया, खरीददारों को वहन करना होगा। प्राधिकृत अधिकारी या बैंक किसी भी शुल्क के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। ऋणभार में ग्रहणाधिकार सांविधिक बकाया या किसी अन्य के लिए संपत्ति (ई-नीलामी) के संबंध में जो बैंक को ज्ञात नहीं है, इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वे वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर की बकाया राशि, बिजली बकाया इत्यादि संपत्ति पर भार के संबंध में स्वतंत्र पूछताछ करें।

सरफासी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के अंतर्गत बिक्री सूचना

दिनांक : **04.06.2026**, स्थान : ग्रेटर नोएडा — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक